# वशि्व शेर दविस 2025

**[स्रोत: पी.आई.बी.](#)**

## चर्चा में क्यों?

पर्यावरण, वन और जलवायु परविर्तन मंत्रालय ने गुजरात के बर्दा वन्यजीव अभयारण्य में **वशि्व शेर दविस 2025** मनाया।

**नोट: वशि्व शेर दविस (10 अगस्त) बगि कैट रेस्क्यू (बड़ी बल्लियों के लयि समर्पति वशि्व का सबसे बड़ा मान्यताप्राप्त अभयारण्य)** द्वारा वर्ष 2013 में शुरू की गई एक पहल है, जसिका उद्देश्य तेज़ी से घटती शेरों की आबादी और उनके संरक्षण की तत्काल आवश्यकता के संबंध में जागरूकता बढ़ाना है।

- **शेर (पैंथेरा लयो)** सबसे बड़ी सामाजकि बल्लिी (Social Cat) है, जो मुख्यरूप से **उप-सहारा अफ्रीका** में पाए जाते हैं, **भारत के गरि राष्ट्रीय उद्यान** और पश्चमि अफ्रीका में इनकी एक छोटी **एशयिाई आबादी** है।

## फन फैक्ट्स

- शेर बड़े समूहों में रहते हैं, जन्हिें प्राइड कहा जाता है।
- नर शेर का वजन 500 पाउंड से अधकि हो सकता है और उसकी लंबाई आठ फीट तक होती है।
- "जंगल का राजा" कहलाने वाले शेर घास स्थलों और मैदानी क्षेत्रों में रहते हैं, न कि जंगलों में।
- मादा शेर और उनकी साथी शेरनयिाँ जीवनभर साथ रहती हैं, जबकि नर शेर प्राइड के साथ तब तक रहते हैं, जब तक वे परपिक्व न हो जाएँ।
- शेर की दहाड़ पाँच मील तक सुनी जा सकती है।
- शेर दनि में लगभग 20 घंटे आराम अथवा सोते हुए व्यतीत करते हैं।
- नर शेर नयिमति रूप से अपने क्षेत्र की रक्षा करते हैं।
- शेर रात्रि में शकिार करना पसंद करते हैं, जसिसे उन्हें शकिार करने में सहजता होती है।

## एशयिाई शेरों के संबंध में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **परचिय:** एशयिाई शेर ([illegible]) अफ्रीकी शेर से थोड़ा छोटा होता है।
  - एशयिाई शेरों की एक अनूठी वशिेषता उनके पेट पर त्वचा की एक अनुदैर्ध्य तह होती है, जो अफ्रीकी शेरों में बहुत कम देखी जाती है।
  - अफ्रीकी नरों के वपिरीत, एशयिाई नरों में अयाल कम उभरी होती है, जसिसे उनके कान हमेशा दखिाई देते रहते हैं।
- **पर्यावास स्थान:** घास के मैदान, सवाना, घनी झाड़यिाँ और खुले जंगल।
- **पारस्थितिकि भूमकिा:** शेर सर्वोच्च शकिारी हैं, जो शाकाहारी आबादी को नयिंत्रति करके और कमज़ोर शकिार को नशिाना बनाकर बीमारी फैलने से रोककर पारस्थितिकिीय तंत्र में संतुलन बनाए रखते हैं।
- **भारत में एशयिाई शेर**: शेरों की 16वीं गणना 2025 **के अनुसार, एशयिाई शेरों की संख्या वर्ष 2015 में 523 से बढ़कर वर्ष 2025 तक 891 हो गई।**
  - एशयिाई शेर गरि वन, बर्दा वन्यजीव अभयारण्य और भारत के कुछ प्राणि उद्यानों में पाए जाते हैं।
  - गरि के बाद बर्दा को इस प्रजाति के दूसरे आवास के रूप में ख्याति प्राप्त है।
- **भारत में सांस्कृतकि महत्त्व:** यह शक्ति का प्रतीक है और भारत के राष्ट्रीय प्रतीक एवं मुद्रा पर दखिाई देता है।
- **संरक्षण की स्थति:**

    - **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972:** अनुसूची I में सूचीबद्ध।
    - **पैंथेरा लियो (शेर) IUCN लाल सूची:** संकटग्रस्त और **IUCN ग्रीन स्टेटस** (काफी हद तक समाप्त)।
    - **CITES: परिशिष्ट I।**
    - **एशियाई शेर प्रजाति पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम का हिस्सा है।**
- **संरक्षण प्रयास:**
    - **प्रोजेक्ट लायन:** एशियाई शेरों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिये पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 15 अगस्त, 2020 को लॉन्च किया गया।
        - 10 वर्षों की अवधि में प्रोजेक्ट लायन का कार्यान्वयन गुजरात राज्य सरकार द्वारा सेंट्रल ज़ू अथॉरिटी जैसे हितधारकों के सहयोग से किया जा रहा है।
        - यह केंद्रीय प्रायोजित योजना–वन्यजीव पर्यावास के विकास के अंतर्गत समर्थित है।
        - यह योजना आवास में सुधार, संख्या निगरानी तथा मानव–वन्यजीव संघर्ष को कम करने पर केंद्रित है।
    - **अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट्स एलायंस (IBCA):** 97 बिग कैट्स संबद्ध देशों के बीच वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के लिये अप्रैल 2023 में लॉन्च किया गया।
        - IBCA वैश्विक स्तर पर बड़ी बिल्लियों, जिनमें एशियाई शेर भी शामिल हैं, के संरक्षण के लिये ज्ञान साझा करने और संसाधन आवंटन पर केंद्रित है।
    - **ग्रेटर गिर कॉन्सेप्ट:** शेरों के आवास को गिर नेशनल पार्क से बाहर बढ़ाकर गिरनार, पनिया और मितियाला अभयारण्यों को भी शामिल करता है।
        - इसका उद्देश्य संरक्षित क्षेत्रों को बढ़ाकर शेरों की स्थायी जनसंख्या सुनिश्चित करना है।
    - **शेर संरक्षण में उन्नत तकनीकें:**
        - **ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (GPS) और भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS):** शेरों और वाहनों की निगरानी के लिये उपयोग की जाती हैं, जिससे प्रभावी सर्वलांस संभव हो।
            - **GIS-आधारित रियल-टाइम मॉनिटरिंग:** यह वास्तविक समय में विश्लेषण और संरक्षण प्रयासों के बेहतर प्रबंधन को सक्षम बनाती है।
        - **स्वचालित सेंसर ग्रिड:** यह वन्यजीव गतिविधि को ट्रैक करने के लिये चुंबकीय, गति और इन्फ्रा-रेड हीट सेंसर का उपयोग करती है।

Drishti IAS

# एशियाई शेर
## (Panthera leo persica)



### आवासः

- वर्तमान में **गिर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य (गुजरात)** एशियाई शेरों का एकमात्र निवास स्थान है।

### संरक्षण स्थितिः

- **IUCN रेड लिस्टः** संकटापन्न (Endangered)
- **CITES:** परिशिष्ट I
- **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972:** अनुसूची I

### खतरेः

- मानव-वन्यजीव संघर्ष
- अवैध शिकार
- आनुवंशिक अंतःप्रजनन (जेनेटिक इनब्रीडिंग)
- प्लेग, कैनाइन डिस्टेंपर जैसे रोग

### संरक्षण हेतु प्रयासः

- एशियाई शेर संरक्षण परियोजना
- प्रोजेक्ट लायन
- विश्व शेर दिवस (10 अगस्त)

### विशेषताएँः

- एशियाई शेर **अफ्रीकी शेर से थोड़े छोटे** होते हैं।
- सबसे अनूठी शारीरिक विशेषता जो कि एशियाई शेर में अक्सर देखी जाती है वह है इनके **पेट के साथ त्वचा की एक अनुदैर्ध्य परत** जो कि अफ्रीकी शेर में शायद ही पाई जाती है।

DRISHTI IAS

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न (PYQ)

**??????????**

प्रश्न. **नमि्नलखिति कथनों पर वचिार कीजयि: (2024)**

1. सहि की कोई वशिेष प्रजनन ऋतु नहीं होती है।
2. अधकिांश अन्य बड़ी बलि्लयिों से भनि्न, चीता दहाड़ता नहीं है।
3. नर सहि से भनि्न, नर तेंदुए गंध चहि्न द्वारा अपना क्षेत्र घोषति नहीं करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. नमि्नलखिति कथनों पर वचिार कीजयि: (2019)**

1. एशियाई शेर प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
2. दो-कूबड़ वाला ऊँट प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
3. एक-सींग वाला गैंडा प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1,2 और 3

**उत्तर: (a)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-lion-day-2025-1